28/01/2025

आकाशवाणी ईटानगर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज कहा कि ओडिशा जल्द ही औद्योगिक विकास का ऐसा प्रतीक बन जाएगा जिसकी किसी ने कभी कल्पना भी नहीं की होगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि ओडिशा नई आकांक्षा, अवसर और आशावाद की भूमि है जो सभी निवेशकों और उद्योगपतियों को सफलता के शिखर तक ले जाएगी। आज सुबह भुवनेश्वर के जनता मैदान में 'उत्कर्ष ओडिशा, मेक इन ओडिशा कॉन्क्लेव-2025' का उद्घाटन करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने में ओडिशा की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है। प्रधानमंत्री ने निवेशकों और उद्योगपतियों से ओडिशा में एमएसएमई, युवाओं द्वारा स्टार्टअप और शोध एवं नवाचार गतिविधियों का समर्थन करने का भी आह्वान किया और उनकी सरकार उन्हें हरसंभव सहायता प्रदान करेगी।

Byte

0000000000000000000

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण अगले महीने की पहली तारीख को वित्त वर्ष 2025-26 के लिए केंद्रीय बजट पेश करेंगी। आगामी बजट में सरकार की आर्थिक प्राथमिकताओं और घरेलू और वैश्विक चुनौतियों से निपटने के लिए राजकोषीय रणनीतियों का खुलासा होने की उम्मीद है।

विशेषज्ञों और लोगों को उम्मीद है कि इस बार सरकार देश में मजबूत बुनियादी ढांचे के निर्माण पर जोर देकर विकास, रोजगार सृजन और राजकोषीय विवेक पर ध्यान केंद्रित करेगी। केंद्रीय बजट की प्रस्तुति से पहले एक विशेष श्रृंखला में, आकाशवाणी समाचार केंद्रीय बजट से विशेषज्ञों और लोगों की उम्मीदों को सामने ला रहा है।

0000000000000000000

उपमुख्यमंत्री चाउना मेन ने आज आलो के निकट कोम्बो जिरदिन गांव में अरुणाचल युवा समन्वय के चौथे संस्करण का उद्घाटन किया। सभा को संबोधित करते हुए श्री मेन ने राज्य के भविष्य को आकार देने में अरुणाचल के युवाओं के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने ने कहा कि "हमारे युवा कल के भविष्य के नेता, नवोन्मेषक, कलाकार और उद्यमी हैं। उनकी क्षमता का पोषण करना और उन्हें हमारे राज्य को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए सशक्त बनाना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है।" साथ ही युवाओं को शामिल किए बिना विकसित अरुणाचल की कल्पना नहीं की जा सकती। युवा समन्वय राज्य के युवाओं और सांस्कृतिक विविधता का जश्न मनाने वाला एक प्रमुख कार्यक्रम है, जिसका विषय है, “यूथ फ़ॉर सतत विकास”।

0000000000000000000000000

भारतीय सेना के अधिकारी कर्नल पोनुंग दोमिंग को गत शनिवार भारतीय सेना में उनकी कर्तव्य के प्रति उत्कृष्ट समर्पण सेवा के लिए प्रतिष्ठित सेना पदक से सम्मानित किया गया है। वे ईस्ट सियांग जिला पासिघाट की रहने वाली हैं।

कर्नल दोमिंग उन तैतालीस सशस्त्र बल कर्मियों में से एक हैं जिन्हें राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उनके अनुकरणीय समर्पण के लिए सम्मानित किया। मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में अरुणाचल प्रदेश के कर्नल पोनुंग दोमिंग को प्रतिष्ठित सेना पदक से सम्मानित होने पर बधाई दी। श्री खांडू ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि वह वर्तमान में लद्दाख के डेमचोक सेक्टर में एक ऊंचाई वाली क्षेत्र में सड़क निर्माण का नेतृत्व कर रही हैं, जो सैन्य चौकी तक महत्वपूर्ण संपर्क सुनिश्चित करती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी शानदार करियर और चुनौतीपूर्ण कार्यों को करने का साहस सभी को प्रेरित कर रहा हैं।

0000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश की आठवीं आधिकारिक अधिसूचना के अनुसार, विधानसभा का चौथा सत्र 6 से 12 मार्च तक चलेगा। चौथा सत्र राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल के. टी. परनाइक की अगुवाई में ईटानगर स्थित विधानसभा कक्ष में आयोजित किया जाएगा।

0000000000000000000

ताजुम डेरे ने एक अभूतपूर्व उपलब्धि हासिल करते हुए अड़तीसवें राष्ट्रीय खेलों में स्थान पाने वाले अरुणाचल प्रदेश के पहले साइकिल चालक के रूप में अपना नाम इतिहास में दर्ज करा लिया है। साइकिल चालक शी-योमी जिले से हैं।

इस खबर पर प्रतिक्रिया देते हुए, मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने आज सोशल मीडिया पर डेरे को अड़तीसवें राष्ट्रीय खेलों में जगह बनाने वाले अरुणाचल के पहले साइकिल चालक बनने पर बधाई दी। श्री खांडू ने अपने पोस्ट में कहा, 'शी-योमी की पहाड़ियों से राष्ट्रीय मंच तक, आप दुनिया को पहाड़ों पर विजय पाने का रास्ता दिखा रहे हैं। उत्तराखंड आयोजन के लिए मेरी शुभकामनाएं।' उत्तराखंड में होने वाले अड़तीसवें राष्ट्रीय खेलों में देश भर के कुछ बेहतरीन एथलीट हिस्सा लेंगे।

0000000000000000000

अरुणाचल फिल्म महोत्सव का 10वां संस्करण अगले 6 से 9 फरवरी तक आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी सूचना और जनसंपर्क विभाग के पीआरओ दुग्यीर पादु ने आज ईटानगर में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान साझा की। पीआरओ ने कहा है कि फिल्म महोत्सव का उद्‌घाटन इस महीने की 30 जनवरी को होगा। कर्टेन रेजर इवेंट में विनोद चोपड़ा फिल्म्स की फिल्म "जीरो से #रीस्टार्ट" की विशेष स्क्रीनिंग होगी, जिसके बाद फिल्म के निर्देशक जसकुंवर कोहली द्‌वारा एक विशेष मास्टर क्लास भी आयोजित की जायेगी। अरुणाचल फिल्म महोत्सव का आयोजन आईपीआर विभाग, अरुणाचल प्रदेश द्‌वारा फिल्म फेडरेशन ऑफ अरुणाचल के सहयोग से किया जा रहा है। फिल्मों की स्क्रीनिंग के अलावा, फिल्म महोत्सव ने नवोदित फिल्म निर्माताओं के लिए फिल्म निर्माण के विभिन्न पहलुओं पर तीन दिनों के दौरान कार्यशालाएं भी निर्धारित की हैं।

0000000000000000000

भारतीय मौसम विभाग ने अरुणाचल प्रदेश के वेस्ट कामेंग, कुरुंग कुमे, लोअर सुबनसिरी, शियोमी, पापुमपारे, वेस्ट सियांग और सियांग जिलों में यलो अलर्ट जारी की है। इन स्थानों पर अगले 24 घंटों में अलग-अलग स्थानों पर गरज के साथ बारिश और बिजली गिरने की संभावना व्यक्त की गई है।

0000000000000000000